कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)

क्षेत्रीय कार्यालय/Regional Office
पंचदीप भवन,ई.डी.सी.प्लॉट सं.23,पाट्टो,पणजी,गोवा-403001
Panchdeep Bhavan, EDC Plot No. 23, Patto, Panaji, Goa-403001
Phone: 0832-2438853 ई-मेल/E-mail :rd-goa@esic.nic.in,
वेबसाइट/Website : www.esic.nic.in
Toll free no-1800-11-2526/3839 Fax No-0832-2438858

सं.32-ए-49/19/1/2025-रा.भा. दिनांक:03 .04.2025

सेवा में

महानिदेशक
राजभाषा शाखा
मुख्यालय, क.रा.बी.निगम
पंचदीप भवन, सी.आई.जी.मार्ग
नई दिल्ली-110002

**विषयः- दिनांक 25.03.2025 को क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, गोवा में आयोजित हिन्दी संगोष्ठी की रिपोर्ट।**

दिनांक 25.03.2025 को क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, गोवा में आयोजित हिन्दी संगोष्ठी की रिपोर्ट की प्रति सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है।

संलग्नक: यथोपरि।

(मनीष कुमार)
क्षेत्रीय निदेशक (प्रभारी)

सेवा में

1. सभी शाखाएँ/शाखाधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, गोवा।
2. सभी शाखा प्रबन्धक, शाखा कार्यालय वास्को/ फॉण्डा/ महाप्सा/ मडगांव/ पणजी/ बीचोलिम, क.रा.बी.निगम, गोवा।
3. महानिदेशक, क.रा.बी.निगम, सी.आई.जी.मार्ग, नई दिल्ली को सूचनार्थ सादर प्रेषित।
4. संयुक्त निदेशक(राजभाषा), क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, चेन्नै को सूचनार्थ सादर प्रेषित।
5. उप निदेशक(राजभाषा), क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, मुंबई को सूचनार्थ प्रेषित।
6. उप निदेशक(पश्चिम क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, कमरा नंबर-601-ए, केंद्रीय सदन, सैक्टर-10, छठवा तल, सी.बी.डी. बेलापुर, नवी मुंबई, महाराष्ट्र- 400614
7. अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति व मुख्य आयकर आयुक्त कार्यालय, उत्तर गोवा, पाट्टो, आयकर भवन, गोवा, पणजी- 403001
8. वेबसाइट सामग्री प्रबन्धक को इसे क.रा.बी.निगम की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।
9. वैयक्तिक सहायक प्रकोष्ठ, क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, गोवा।

**<u>दिनांक 25.03.2025 को क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, गोवा में आयोजित हिन्दी संगोष्ठी की रिपोर्ट।</u>**

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम- वर्ष 2024-2025 में निर्धारित लक्ष्यों तथा दिशानिर्देशों के अनुपालान के क्रम में क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, गोवा में दिनांक 25.03.2025 को हिन्दी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय कर्मचारी राज्य बीमा निगम में राजभाषा कार्यान्वयन में आने वाली समस्याएँ तथा उनके समाधान विषय रखा गया। कार्यक्रम में कार्यालय के सभी अधिकारियों तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम संगोष्ठी में उपस्थित सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों का स्वागत तथा अभिवादन किया गया। उसके बाद क्षेत्रीय निदेशक(प्रभारी) महोदय ने गृह मंत्रालय का क्षेत्रीय कार्यान्वयन पुरस्कार प्राप्त होने पर महानिदेशक महोदय द्वारा भेजे गए प्रशंसा पत्र के संबंध में अपनी अभिव्यक्ति व्यक्त की। उन्होने सभी कार्मिकों से कहा कि यह पत्र भले ही उनके नाम से आया हो परंतु यह प्रशंसा इस कार्यालय के प्रत्येक कार्मिक की की गई है क्योंकि यह पूरे कार्यालय के प्रयासों तथा परिश्रम का परिणाम है। इसके अतिरिक्त उन्होने बताया कि इसी प्रकार उन्होने बताया कि अन्य विषयों में भी वरिष्ठतम अधिकारियों तथा मंचों में क्षेत्रीय कार्यालय गोवा की सराहना की जा रही है जिसके लिए यहाँ के सभी कार्मिक बधाई के पात्र हैं।

तदोपरांत क्षेत्रीय निदेशक(प्रभारी) ने कहा कि किसी भी विषय को समझने और जानने से पहले उसकी पृष्ठभूमि का ज्ञान अति-आवश्यक है। इसी क्रम में उन्होने भारत की स्वतन्त्रता-परतंत्रता, राष्ट्रभाषा, राजभाषा के रूप में हिन्दी की यात्रा तथा संघ की राजभाषा नीति के संबंध में सभी कार्मिकों को बताया।

इसके बाद कार्यालय की विभिन्न शाखाओं से उपस्थित कार्मिकों के कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा हिन्दी में कार्य करने में आने वाली समस्याओं तथा उनके समाधानों के बारे में विस्तृत चर्चा की गई तथा सभी अधिकारियों ने इस संबंध में अपने वक्तव्य कहे।

अंत में क्षेत्रीय निदेशक(प्रभारी) महोदय ने सभी कार्मिकों को कहा कि हिन्दी में कार्य करना हमारी बाध्यता नहीं हमारा दायित्व, हमारा कर्तव्य है। हमें राजभाषा नीति और नियमों का इसी प्रकार अनुपालन करते रहना है तथा प्रयासरत रहना है कि हिन्दी कार्यान्वयन की दिशा में इस कार्यालय में और प्रगति हो।

इसके बाद धन्यवाद ज्ञापन के साथ संगोष्ठी का समापन किया गया।